समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# Gold Price Today: सोने खरीदने का सुनहरा मौका, जानिए आज 10 ग्राम सोने और चांदी के ताजा भाव

Sanket Morankar

Published on 09 Jul 2026



देशभर में सोने की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। 9 जुलाई 2026 को दिल्ली, मुंबई, पुणे, कोलकाता और अन्य प्रमुख शहरों में 22 कैरेट और 24 कैरेट सोने के दाम पहले के मुकाबले कम दर्ज किए गए हैं। चांदी की कीमतों में भी नरमी बनी हुई है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का भाव ₹1,43,270 प्रति 10 ग्राम है, जबकि 22 कैरेट सोना ₹1,31,340 प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है। मुंबई और कोलकाता में 24 कैरेट सोना ₹1,43,120 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना ₹1,31,190 प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया।

विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और डॉलर की मजबूती का असर वैश्विक सोने की कीमतों पर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड की कीमत लगभग 4,056.24 डॉलर प्रति औंस रही।

प्रमुख शहरों में सोने के ताजा भाव

| शहर | 22 कैरेट (₹) | 24 कैरेट (₹) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 1,31,340 | 1,43,270 |
| मुंबई | 1,31,190 | 1,43,120 |
| अहमदाबाद | 1,31,240 | 1,43,170 |
| चेन्नई | 1,32,490 | 1,44,540 |
| कोलकाता | 1,31,190 | 1,43,120 |
| हैदराबाद | 1,31,190 | 1,43,120 |

| शहर | 22 कैरेट (₹) | 24 कैरेट (₹) |
|---|---|---|
| जयपुर | 1,31,340 | 1,43,270 |
| पुणे | 1,31,190 | 1,43,120 |

चांदी का ताजा भाव

9 जुलाई की सुबह चांदी का भाव ₹2,44,900 प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट सिल्वर की कीमत लगभग 58.61 डॉलर प्रति औंस रही।

खरीदारों के लिए क्या है संकेत?

सोने और चांदी की कीमतों में आई गिरावट को खरीदारी के लिहाज से सकारात्मक माना जा रहा है। हालांकि निवेशकों और ग्राहकों को खरीदारी से पहले स्थानीय ज्वेलर्स से ताजा दर, मेकिंग चार्ज और GST की जानकारी जरूर लेनी चाहिए।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.